Series : **K**

# TEST CODE : 4/2018

## Category No. : 1 (M17)

Candidate's Roll Number/ अभ्यार्थी का रोल नम्बर

| 4 | 1 | 8 | 1 | 9 | 1 | 3 | 1 | 1 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

Time allowed : 1 Hour 30 Minutes
अवधि : 1 घंटा और 30 मिनट

Total Questions : 90
कुल प्रश्न : 90

Maximum Marks : 90
अधिकतम अंक : 90

**KINDLY READ THE INSTRUCTIONS BEFORE ATTEMPTING THIS QUESTION PAPER**

**IMPORTANT INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES**

**इस प्रश्न–पत्र को हल करने से पहले कृपया निर्देशों को पढ़ें**

**अभ्यार्थियों के लिए विशेष निर्देश**

1. Attempt all the questions. Every question has equal marks viz. 1.
2. Before attempting the question paper kindly check that this booklet has total 16 pages and OMR Answer Sheet consists of three copies. At the start of the examination and within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of test booklet and OMR Answer Sheet are properly printed and test booklet is not damaged in any manner. Serial No. and Series of OMR Answer Sheet and Test Booklet match with each other. In case of any discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and OMR Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.
3. Do not forget to write roll number on the top of this question booklet and OMR Answer Sheet.
4. Do not tear or fold any page of the question booklet and OMR Answer Sheet.
5. Candidate must bring legibly printed Admit Card with recent coloured photo pasted on it at mark B duly attested by Gazetted Officer and one identity proof with photo like Driving License, Voter Card, Aadhar Card, Passport etc. at the Examination Centre failing which candidate will not be allowed to take the examination.
6. Candidates are advised to make sure to fill the correct name, Roll No. and test booklet code on the OMR Answer Sheet. If the space for the Booklet Code is left blank or more than one booklet code is indicated therein and non filling of name and Roll No. as per instruction, it will be deemed to be an incorrect booklet code and Answer Sheet will not be evaluated. The candidate himself/herself will be solely responsible for all the consequences arising out of any error or omission in writing the test booklet code. Candidate shall put his/her LTI (Male) and RTI (Female) on attendance sheet, on the OMR Answer Sheet and on the Biometric Machine along with signature.
7. Candidate should put his/her signature and thumb impression on the Admit Card at two places in the presence of Invigilator in the Examination Hall.
8. **Candidates are warned not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of Eraser, Nail, Blade, White Fluid/Whitener etc., to smudge, scratch or damage in any manner on the OMR Answer Sheet during Examination is strictly prohibited. Candidature and OMR Sheet of candidates using Eraser, Blade, Nail or White Fluids/Whitener to smudge, scratch or damage in any manner, shall be cancelled.**

1. प्रत्येक प्रश्न को हल करें और प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक समान अर्थात 1 है।
2. प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में कुल 16 पृष्ठ और एक OMR उत्तर पत्रक तीन कापियों वाला है। अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा प्रारंभ होते ही पाँच मिनट के अंदर सुनिश्चित कर लें कि आपकी पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के सभी पृष्ठ अच्छी तरह छपे हुए है और इसे किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुँची है। OMR उत्तर पत्रक एवं टेस्ट बुकलेट (पुस्तिका) के सीरियल नं. और सीरीज एक-समान होने चाहिए। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यार्थी को परीवीक्षक से टेस्ट बुकलेट और OMR उत्तर पत्रक बदलवा लेनी चाहिए। परीक्षा प्रारंभ होने के पाँच मिनट पश्चात् ऐसी शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. इस पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक में ऊपर अपना रोल नम्बर लिखना न भूलें।
4. प्रश्न-पुस्तिका और OMR उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़े और न मोड़ें।
5. अभ्यार्थियों को स्पष्ट पठनीय प्रवेश-पत्र लाना है, जिस पर हाल ही में खींचा गया रंगीन फोटो उस स्थान पर चिपका होना चाहिए जहाँ B लिखा हुआ है। इस फोटो को किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। इसके अतिरिक्त फोटो लगा हुआ एक परिचय-पत्र, जैसे कि ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता परिचय-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक परीक्षा-केन्द्र पर लाना अनिवार्य है। इनके न होने पर अभ्यार्थी को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी।
6. अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने OMR उत्तर-पत्रक में नाम, रोल नं. और टेस्ट बुकलेट कोड सही भरा है। यदि बुकलेट-कोड के लिए दिया गया स्थान खाली छोड़ा जाता है या एक से अधिक बुकलेट कोड लिख दिए गए है या निर्देशानुसार नाम और रोल नम्बर नहीं भरे गए है तो इसे गलत तरीके से भरा गया बुकलेट कोड माना जाएगा और उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। टेस्ट बुकलेट कोड लिखने में किसी भी प्रकार की त्रुटि या चूक होने पर अभ्यार्थी स्वयं ही परिणामों को भुगतने के लिए उत्तरदायी होगा। पुरुष-अभ्यार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का और महिला-अभ्यार्थी अपने दाएँ हाथ के अँगूठे का अंकन उपस्थिति-पत्रक पर, OMR उत्तर पत्रक पर और बायोमैट्रिक मशीन में देंगे और उचित स्थान पर हस्ताक्षर भी करेंगे।
7. परीक्षा-हॉल में परिवीक्षक की उपस्थिति में अभ्यार्थियों को प्रवेश-पत्र पर दो स्थानों में हस्ताक्षर करने है और अँगूठे के निशान देने है।
8. **अभ्यार्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे OMR उत्तर-पत्रक में किसी भी प्रकार का अनावश्यक निशान न बनाएँ और न ही इसे मोड़ें। OMR उत्तर पत्रक में कुछ भी लिखने और भरने के पश्चात उसे मिटाने के लिए रबड़, नाखून, ब्लेड, सफेद तरल पदार्थ/वाइटनर आदि का प्रयोग या किसी अन्य प्रकार से इसे क्षति पहुँचाने पर सख़्त निषेध है। इन वस्तुओं के प्रयोग से उत्तर-पत्रक या OMR उत्तर पत्रक में धब्बे पड़े होने पर, खरोंच के निशान होने पर या क्षति होने पर अभ्यार्थी की अभ्यार्थिता और OMR उत्तर पत्रक दोनों ही निरस्त कर दिए जाएँगे।**

K | SL. NO: 10986803
ENV. SL N 54803
ROLL NO: 4181913119
NAME :
Father Name:
JAGBIR

**DO NOT OPEN THE SEAL UNTIL INSTRUCTED TO DO SO./ जब तक कहा न जाए, सील न खोलें।**



*(Read the instructions on last page of this booklet.)*
(प्रश्न–पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ में दिये हुए निर्देश को पढ़ें।)

Downloaded from www.cclchapter.com

1. When baking powder is heated or mixed in water ____________ is produced.
(A) $H_2$ (B) $O_2$
(C) $CO_2$ (D) CO

2. Which of the following hills serve as a connecting link between Himalayas and Plains ?
(A) Tipra Hills
(B) Morni Hills
(C) Aravali Hills
(D) Ambala Hills

3. Find the missing number (?) in the sequence 5, 11, 23, ?, 95, 191.
(A) 47 (B) 48
(C) 49 (D) 50

4. Aquifer mapping done to assess
(A) Ground water situation
(B) State legal situation
(C) Position of women in the State
(D) Animal census

5. In $\Delta ABC$, $AB = 6\sqrt{3}$ cm, AC = 12 cm and BC = 6 cm, then $\angle B$ is
(A) 120° (B) 60°
(C) 90° (D) 45°

6. The sum of digits of two digit number is 9. Also, nine times this number is twice the number obtained by reversing the order of the digits of the number. Then the number is
(A) 18 (B) 81
(C) 36 (D) None of these

7. The distance between the points (a, b) and (– a, – b) are
(A) 0 (B) 1
(C) $2\sqrt{a^2+b^2}$ (D) None of these

1. जब बेकिंग सोड़ा को जल में गर्म किया जाता है या मिलाया जाता है, तो ____________ बनता है ।
(A) $H_2$ (B) $O_2$
(C) $CO_2$ (D) CO

2. निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ियाँ हिमालय और मैदानों के बीच योजक हैं ?
(A) टिपड़ा पहाड़ियाँ
(B) मोरनी पहाड़ियाँ
(C) अरावली पहाड़ियाँ
(D) अंबाला की पहाड़ियाँ

3. श्रृंखला 5, 11, 23, ?, 95, 191 में लुप्त संख्या (?) ज्ञात करें ।
(A) 47 (B) 48
(C) 49 (D) 50

4. जलभृत मानचित्रीकरण ____________ का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है ।
(A) भौमजल स्थिति
(B) राज्य की विधिक स्थिति
(C) राज्य में महिलाओं की स्थिति
(D) जानवरों की जनसंख्या

5. $\Delta ABC$ में $AB = 6\sqrt{3}$ से.मी., AC = 12 से.मी. और BC = 6 से.मी. है, तो $\angle B$ है
(A) 120° (B) 60°
(C) 90° (D) 45°

6. एक दो अंकों की संख्या के अंकों का योग 9 है । इस संख्या का 9 गुणा इस संख्या के अंकों को आपस में बदलने के बाद प्राप्त संख्या के 2 गुणा है । तो संख्या है
(A) 18 (B) 81
(C) 36 (D) इनमें से कोई नहीं

7. बिंदु (a, b) और (– a, – b) के बीच दूरी है
(A) 0 (B) 1
(C) $2\sqrt{a^2+b^2}$ (D) इनमें से कोई नहीं



Downloaded from www.cclchapter.com

8. The main presence of Aravali Hills is found in the District of

(A) Faridabad (B) Rohtak

(C) Gurgaon (D) Hisar

9. RBI was set up on the basis of the recommendation of

(A) Indian Central Bank Enquiry Committee

(B) Royal Commission

(C) Simon Commission

(D) Nehru Report

10. The total area of Haryana is

(A) 44212 sq. kms (B) 45212 sq. kms

(C) 46212 sq. kms (D) 47212 sq. kms

11. If the equations $x - 2y = 3$ and $2x + by = 6$ represent the same line, then the value of b is

(A) 4 (B) – 4

(C) – 2 (D) None of these

12. Balmukund Gupta is a __________ literator of Haryana.

(A) Sanskrit (B) English

(C) Urdu (D) Hindi

13. Find the missing letters (?) from the options for DW, ? , LO, PK, TG, XC.

(A) FU

(B) EV

(C) HS

(D) IR

8. अरावली पहाड़ियों की मुख्य उपस्थिति ________ जिले में पाई जाती हैं ।

(A) फरीदाबाद (B) रोहतक

(C) गुड़गाँव (D) हिसार

9. आर.बी.आई. (R.B.I.) __________ की संस्तुति के आधार पर बनाई गई ।

(A) भारतीय केंद्रीय बैंक जाँच समिति

(B) रॉयल कमीशन

(C) साइमन कमीशन

(D) नेहरू रिपोर्ट

10. हरियाणा का कुल क्षेत्रफल है

(A) 44212 वर्ग कि.मी. (B) 45212 वर्ग कि.मी.

(C) 46212 वर्ग कि.मी. (D) 47212 वर्ग कि.मी.

11. यदि समीकरण $x - 2y = 3$ और $2x + by = 6$ समान रेखा को दर्शाते हैं, तो b का मान है

(A) 4 (B) – 4

(C) – 2 (D) इनमें से कोई नहीं

12. बालमुकुन्द गुप्ता हरियाणा के एक ________ साहित्यिक हैं ।

(A) संस्कृत (B) अंग्रेजी

(C) उर्दू (D) हिन्दी

13. DW, ? , LO, PK, TG, XC हेतु विकल्पों में से लुप्त अक्षर (?) ज्ञात करें ।

(A) FU

(B) EV

(C) HS

(D) IR





Downloaded from www.cclchapter.com

14. Which of the following statements is wrong about Deccan Plateau ?
    (A) This is bordered by the Western Ghats in the west, Eastern Ghats in the east and the Satpura, Maikal range and Mahadeo hills in the north
    (B) Its western hills locally known by different names such as Sahyadri in Maharashtra, Nilgiri hills in Karnataka and Anaimalai hills in Tamil Nadu and Cardamom hills in Kerala
    (C) Anaimudi, the highest peak of Peninsular plateau is located on the Anaimalai hills
    (D) The Eastern and the Western Ghats meet each other at the Shabarimala hills

15. "Vaishnava Jana To", Gandhiji's one of favourite devotional songs which he adopted into the routine of his public prayer events, is written by
    (A) Rabindranath Tagore
    (B) M. K. Gandhi
    (C) Kabir Das
    (D) Narasinh Mehta

16. If P(E) = 0.05, what is the probability of 'not E' ?
    (A) 0.05
    (B) 0.95
    (C) 0
    (D) Not defined

17. Three cubes each of side 2.5 cm are joined end to end, the surface area of resulting solid is
    (A) 93.5 $cm^2$ (B) 87.5 $cm^2$
    (C) 90 $cm^2$ (D) 85 $cm^2$

18. ___________ is famous for Lac Bangles.
    (A) Kurukshetra
    (B) Ambala
    (C) Mahendragarh
    (D) Rohtak

14. दक्कन पठार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन गलत है ?
    (A) इसकी सीमा पश्चिम में पश्चिमी घाट, पूर्व में पूर्वी घाट और उत्तर में सतपुड़ा, मैकल श्रेणी और महादेव की पहाड़ियाँ हैं
    (B) इसकी पश्चिमी पहाड़ियाँ स्थानीय स्तर पर विभिन्न नामों से जैसे महाराष्ट्र में सह्याद्रि, कर्नाटक में नीलगिरी पहाड़ियाँ और तमिलनाडू में अन्नामलाई पहाड़ियाँ और केरल में कार्डामम पहाडियों के नाम से जानी जाती हैं
    (C) अनाईमुडी, प्रायद्वीपीय पठार की सबसे ऊँची चोटी अन्नामलाई की पहड़ियों में स्थित है
    (D) पूर्वी और पश्चिमी घाट एक–दूसरे से शबरीमाला पहाड़ियों पर मिलते हैं

15. ''वैष्णव जन तो'', गाँधीजी का प्रिय भक्ति गीत जो उन्होंने अपनी सार्वजनिक प्रार्थना सभाओं की दिनचर्या में अपनाया था, ___________ द्वारा लिखा गया ।
    (A) रविन्द्रनाथ टैगोर
    (B) एम. के. गाँधी
    (C) कबीर दास
    (D) नरसिंह मेहता

16. यदि P(E) = 0.05, 'E न होने' की क्या प्रायिकता है ?
    (A) 0.05
    (B) 0.95
    (C) 0
    (D) परिभाषित नहीं किया जा सकता

17. प्रत्येकी 2.5 से.मी. भुजावाले 3 घनों को आसन्न एक दूसरे से जोड़ा गया है, परिणामी ठोस का पृष्ठीय क्षेत्रफल है
    (A) 93.5 से.मी.$^2$ (B) 87.5 से.मी.$^2$
    (C) 90 से.मी.$^2$ (D) 85 से.मी.$^2$

18. लाख की चूडीयों के लिए ___________ प्रसिद्ध है ।
    (A) कुरुक्षेत्र
    (B) अंबाला
    (C) महेंद्रगढ़
    (D) रोहतक



Downloaded from www.cclchapter.com

19. The war of Kurukshetra was narrated to Dhritarashtra by
(A) Shankaracharya
(B) Madhvacharya
(C) Sanjay
(D) Vallabhacharya

20. If 2 is a zero of polynomial $f(x) = ax^2 - 3(a - 1)x - 1$, then value of a is
(A) $5/2$ (B) $-2/5$
(C) $-5/2$ (D) None of these

21. The term Mesophytes implies that
(A) Aquatic plants growing in fresh and marine waters
(B) These are plants growing in soils with optimum soil water conditions prevailing for major part of the year
(C) Plants growing in extreme weather conditions
(D) Under water growing plants

22. Who among the following leaders moved "Objective Resolution" in the Constitutional Assembly ?
(A) Jawaharlal Nehru
(B) Dr. B. R. Ambedkar
(C) Dr. Rajendra Prasad
(D) Vallabh Bhai Patel

23. Colour of the wheel, which we see in our National Flag is
(A) Dark blue (B) Black
(C) Light blue (D) Navy blue

24. Jogis (saints) use ____________ instrument to sing songs.
(A) Shehnai (B) Been
(C) Sarangi (D) Dholak

19. कुरुक्षेत्र के युद्ध का वर्णन धृतराष्ट्र को ________ ने सुनाया ।
(A) शंकराचार्य
(B) मध्वाचार्य
(C) संजय
(D) वल्लभाचार्य

20. यदि बहुपदीय $f(x) = ax^2 - 3(a - 1)x - 1$ का एक शून्य 2 है, तो a का मान है
(A) $5/2$ (B) $-2/5$
(C) $-5/2$ (D) इनमें से कोई नहीं

21. शब्द मीसोफाइट से निहित है
(A) खारे और मीठे जल में उगने वाले जलीय पौधे
(B) ये वर्ष के अधिकांश भाग में पाए जाने वाली उपयुक्त मृदा जल स्थितियों में मृदा में उगने वाले पौधे हैं
(C) प्रतिकूल मौसम में उगनेवाले पौधे
(D) पानी के नीचे उगनेवाले पौधे

22. निम्नलिखित में से कौन-से नेता ने संविधान सभा में "उद्देश्य प्रस्ताव" लाया ?
(A) जवाहरलाल नेहरू
(B) डॉ. बी. आर. अंबेडकर
(C) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(D) वल्लभ भाई पटेल

23. हमारे राष्ट्रीय ध्वज में दिखनेवाला पहिये का रंग है
(A) गहरा नीला (B) काला
(C) हल्का नीला (D) गहरा नीला

24. जोगी गीत गाने के लिए ________ वाद्य का प्रयोग करते हैं ।
(A) शहनाई (B) बीन
(C) सारंगी (D) ढ़ोलक





Downloaded from www.cclchapter.com

25. 5000 years old Indus valley civilization, found in the present day ________ District.
(A) Ranchi (B) Hisar
(C) Kurukshetra (D) Angeerasa

26. An object 4 cm in size, is placed at 20 cm in front of a concave mirror of focal length 10 cm. At what distance from the mirror should a screen be placed in order to obtain a sharp image ?
(A) 20 cm from the mirror
(B) 10 cm from the mirror
(C) $\frac{20}{3}$ cm from the mirror
(D) $\frac{10}{3}$ cm from the mirror

27. Omega-3 fatty acids are present in
(A) Fish (B) Walnuts
(C) Pulses (D) Both (A) and (B)

28. The "hub of making durries" in Haryana is
(A) Rohtak (B) Manipur
(C) Panipat (D) Gurgaon

29. Find the word which is different from the other 3 options given below.
(A) Mathematics (B) Arithmetic
(C) Algebra (D) Geometry

30. ISRO's first woman scientist who recently spent over 403 days in Antarctica is
(A) Tessy Thomas
(B) Mangala Mani
(C) Nandini Harinath
(D) Anuradha T. K.

31. The force that blood exerts against the wall of a vessel is called
(A) Diastolic pressure
(B) Hemodialysis
(C) Systolic pressure
(D) Blood pressure

25. 5000 साल पुरानी सिंधु घाटी सभ्यता वर्तमान दिनों के ________ जिले में मिली।
(A) राँची (B) हिसार
(C) कुरुक्षेत्र (D) अंगीरस

26. 10 से. मी. फोकस दूरी के अवतल दर्पण के सामने 20 से. मी. दूरी पर 4 से. मी. आकार की एक वस्तु रखी गई है। सुस्पष्ट प्रतिमा प्राप्त करने के लिए दर्पण से कितनी दूरी पर पर्दा लगाना चाहिए ?
(A) दर्पण से 20 से. मी.
(B) दर्पण से 10 से. मी.
(C) दर्पण से $\frac{20}{3}$ से. मी.
(D) दर्पण से $\frac{10}{3}$ से. मी.

27. ओमेगा–3 वसा अम्ल ________ में उपस्थित होता है।
(A) मछली (B) अखरोट
(C) दालें (D) (A) और (B) दोनों

28. हरियाणा में "दरी बनाने का केंद्र" ________ में है।
(A) रोहतक (B) मणिपुर
(C) पानीपत (D) गुड़गाँव

29. नीचे दिए गए 3 विकल्पों में से भिन्न शब्द ज्ञात करें।
(A) गणित (B) अंकगणित
(C) बीजगणित (D) ज्यामिति

30. इस्रो (ISRO) की पहली महिला वैज्ञानिक जिन्होंने हाल ही में अंटार्क्टिका में 403 दिनों से ज्यादा दिन व्यतीत किए
(A) टेसी थॉमस
(B) मंगला मणि
(C) नंदिनी हरिनाथ
(D) अनुराधा टी. के.

31. रक्त द्वारा वाहिका भित्ती पर लगाया जानेवाला बल ________ कहलाता है।
(A) आकुंचन दाब
(B) रक्त अपोहन
(C) प्रकुंचन दाब
(D) रक्तचाप

K



Downloaded from www.cclchapter.com

32. Asbestos is found in the District of

(A) Hisar (B) Gurgaon

(C) Karnal (D) Mahendragarh

33. New States come to exist through union, consolidation, confederation etc. Here confederation refers to

(A) Form of Union where Centre is strong and States are weak

(B) Form of Union where States are strong and Centre is weak

(C) Some States have strong power and Centre is also strong

(D) Equal power sharing between Centre and States

34. Find the number which is not like the other 3 numbers.

(A) $\frac{4}{14}$ (B) $\frac{3}{21}$

(C) $\frac{6}{21}$ (D) $\frac{16}{56}$

35. If '+' means '÷', '÷' means '–', '–' means '×' and '×' means '+', then 9 + 3 ÷ 5 – 3 × 7 =

(A) – 5 (B) 15

(C) 25 (D) None of these

36. The lake which is dedicated to Sun God is

(A) Damodara lake (B) Anangpur lake

(C) Hathnikund (D) Surajkund

37. The values of x and y satisfying the equation $2\left(\frac{x}{a}\right)+\frac{y}{b}=2$ and $\frac{x}{a}-\frac{y}{b}=4$ are

(A) x = a, y = b

(B) x = 2a, y = – 2b

(C) x = a, y = – b

(D) x = 2a, y = 2b

32. एस्बेस्टॉस __________ जिले में पाया जाता है ।

(A) हिसार (B) गुड़गाँव

(C) करनाल (D) महेंद्रगढ़

33. नए राज्य एकीकरण, समेकन और संघ आदि से अस्तित्व में आते हैं । यहाँ संघ से संदर्भित है

(A) संघ का रूप जहाँ केंद्र शक्तिशाली और राज्य कमजोर होते हैं

(B) संघ का रूप जहाँ राज्य शक्तिशाली और केंद्र कमज़ोर होते है

(C) कुछ राज्यों में अत्यधिक शक्ति होती है और केंद्र भी शक्तिशाली होते है

(D) केंद्र और राज्यों के बीच समान रूप से शक्ति का वितरण होता है

34. वह संख्या ज्ञात करें जो अन्य 3 संख्याओं जैसी नहीं है ।

(A) $\frac{4}{14}$ (B) $\frac{3}{21}$

(C) $\frac{6}{21}$ (D) $\frac{16}{56}$

35. यदि '+' का अर्थ '÷', '÷' का अर्थ '–', '–' का अर्थ '×' और '×' का अर्थ '+' है, तो 9 + 3 ÷ 5 – 3 × 7 =

(A) – 5 (B) 15

(C) 25 (D) इनमें से कोई नहीं

36. सूर्य देव को समर्पित झील है

(A) दामोदर झील (B) अनंगपुर झील

(C) हथिनीकुंड़ (D) सूरजकुंड़

37. समीकरण $2\left(\frac{x}{a}\right)+\frac{y}{b}=2$ और $\frac{x}{a}-\frac{y}{b}=4$ को संतुष्ट करने वाले x और y के मान है

(A) x = a, y = b

(B) x = 2a, y = – 2b

(C) x = a, y = – b

(D) x = 2a, y = 2b



Downloaded from www.cclchapter.com

38. Skill of archery was the test in the swayamvara of
(A) Parvati
(B) Gouri
(C) Meenakshi
(D) Draupadi

38. तीरंदाजी का कौशल ____________ के स्वयंवर में परीक्षा थी ।
(A) पार्वती
(B) गौरी
(C) मीनाक्षी
(D) द्रौपदी

39. Which of the following is a plant harmone ?
(A) Insulin (B) Oestrogen
(C) Cytokinin (D) Testosterone

39. निम्नलिखित में से कौन-सा एक पादप हार्मोन है ?
(A) इंसुलिन (B) इस्ट्रोजन
(C) साइटोकाइनिन (D) टेस्टोस्टिरॉन

40. Damdama lake is situated in the District of
(A) Faridabad (B) Gurgaon
(C) Rohtak (D) Hisar

40. दमदमा झील ____________ जिल्हे में स्थित है ।
(A) फरीदाबाद (B) गुड़गाँव
(C) रोहतक (D) हिसार

41. The device which converts sound to electrical vibrations
(A) Speaker
(B) Microphone
(C) Integrated Circuit (IC)
(D) Stereoscope

41. वह उपकरण जो ध्वनि को विद्युत तरंगों में बदलता है
(A) स्पीकर
(B) माइक्रोफोन
(C) एकीकृत परिपथ (आई.सी.)
(D) स्टेरियोस्कोप

42. During the debate on citizenship in the Constitution Assembly, a famous quote, "There cannot be any divided loyalty", is said by
(A) B. N. Rao
(B) Somnath Lahiri
(C) Govind Vallabh Pant
(D) None of the above

42. संविधान सभा में नागरिकता पर बहस के दौरान, एक प्रसिद्ध कथन, ''कोई भी वफादारी विभाजित नहीं होती'' किसने कहा ?
(A) बी. एन. राव
(B) सोमनाथ लहिरी
(C) गोविंद वल्लभ पंत
(D) इनमें से कोई नहीं

43. Area of the circle inscribed in a square of side 'a' cm is
(A) $a^2$ $cm^2$ (B) $\frac{a^2}{4}cm^2$
(C) $\frac{\pi a^2}{4}cm^2$ (D) $\frac{\pi a^2}{2}cm^2$

43. भुजा 'a' से.मी. के वर्ग में उत्कीर्णित एक वृत्त का क्षेत्रफल है
(A) $a^2$ से.मी.$^2$ (B) $\frac{a^2}{4}$ से.मी.$^2$
(C) $\frac{\pi a^2}{4}$ से.मी.$^2$ (D) $\frac{\pi a^2}{2}$ से.मी.$^2$



Downloaded from www.cclchapter.com

44. A and B are friends and B is 2 years younger than A. A's father D is twice as old as A and B is twice as his sister C. The age of D and C differ by 40 years. The ages of 'A' and 'B' are respectively
(A) 26 yrs., 24 yrs. (B) 25 yrs., 23 yrs.
(C) 30 yrs., 28 yrs. (D) None of these

45. Mahabharata war was fought during
(A) 900 BC (B) 800 BC
(C) 700 BC (D) 600 BC

46. The potential difference between 2 points in a current carrying conductor when 1 joule of work is done to move a charge of 1 coulomb from one point to the other
(A) 1 ampere (B) 1 volt
(C) 1 newton (D) 1 ohm

47. Complete the analogy.
Trigonometry : Mathematics : : Zoology : ?
(A) Botany
(B) Chemistry
(C) Biology
(D) Bio-Chemistry

48. The High Court has the jurisdiction under Article 226 for the enforcement of
(A) Civil Rights
(B) Sanctioning Rights
(C) Fundamental Rights
(D) Child Rights

49. In order to improve the condition of children, _____ has been implemented in Haryana.
(A) Integrated Child Development Project
(B) Innovational Child Development Plan
(C) Indian Child Development Plan
(D) International Child Development Project

44. A और B मित्र हैं और A से B दो वर्ष छोटा है । A के पिता D की आयु A से दोगुनी है और B की आयु अपनी बहन C से दोगुनी है । D और C की आयु में 40 वर्ष का अंतर है । A और B की आयु क्रमशः हैं
(A) 26 वर्ष, 24 वर्ष (B) 25 वर्ष, 23 वर्ष
(C) 30 वर्ष, 28 वर्ष (D) इनमें से कोई नहीं

45. महाभारत का युद्ध __________ के दौरान हुआ ।
(A) 900 ई. पू. (B) 800 ई. पू.
(C) 700 ई. पू. (D) 600 ई. पू.

46. जब 1 कुलंब आवेश को एक बिंदु से दूसरे तक ले जाने के लिए 1 ज्यूल का कार्य होता है, विद्युत सुचालक में दो बिंदुओं के बीच विभवांतर है
(A) 1 एम्पियर (B) 1 वोल्ट
(C) 1 न्यूटन (D) 1 ओह्म

47. समरूपता पूर्ण करें ।
त्रिकोणमिति : गणित : : जंतु विज्ञान : ?
(A) पादप विज्ञान
(B) रसायन शास्त्र
(C) जीव विज्ञान
(D) जैव-रसायन शास्त्र

48. अनुच्छेद 226 के अंतर्गत उच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार __________ के प्रवर्तन के लिए है ।
(A) नागरिक अधिकार
(B) स्वीकृति अधिकार
(C) मौलिक अधिकार
(D) बाल अधिकार

49. हरियाणा में बच्चों की स्थिति सुधारने के लिए __________ कार्यान्वित किया गया है ।
(A) एकीकृत बाल विकास परियोजना
(B) नवप्रवर्तन बाल विकास योजना
(C) भारतीय बाल विकास योजना
(D) अंतर्राष्ट्रीय बाल विकास परियोजना





Downloaded from www.cclchapter.com

50. Solutions of the equation $\sqrt{3}x^2 + 11x + 6\sqrt{3} = 0$ are

(A) $\sqrt{2}, \sqrt{6}$ (B) $\frac{-2}{\sqrt{3}}, -3\sqrt{3}$

(C) $\frac{-\sqrt{2}}{\sqrt{3}}, \sqrt{6}$ (D) $\frac{\sqrt{3}}{\sqrt{2}}, -\sqrt{6}$

51. During the freedom movement, who among the following revolutionary turned into a philosopher ?

(A) Rash Bihari Ghosh
(B) Aurabindo Ghosh
(C) V. D. Savarkar
(D) Satyendranath Bose

52. Who among the following has been Speaker of Haryana Vidhan Sabha for maximum number of times ?

(A) Kuldeep Sharma
(B) Harmahendra Singh Chadda
(C) Satbeer Singh
(D) Ashok Kumar Arora

53. During the suzerainty of the British crown, Princely States covered what portion of the land area of the British Indian empire ?

(A) One-third
(B) One-fourth
(C) One-tenth
(D) None of the above

54. If 'GIVE' is coded as 43, then 'TAKE' is coded as

(A) 47 (B) 27
(C) 36 (D) 37

55. If $\sec\theta = \frac{4}{\sqrt{7}}$, then value of $\sqrt{\frac{2\tan^2\theta - \text{cosec}^2\theta}{2\cos^2\theta - \cot^2\theta}}$ is

(A) $\frac{20}{7}$ (B) 0
(C) 4 (D) None of these

56. If 15th of August was Wednesday, then 1st August of the same year was

(A) Thursday (B) Wednesday
(C) Friday (D) Saturday

50. समीकरण $\sqrt{3}x^2 + 11x + 6\sqrt{3} = 0$ के हल हैं

(A) $\sqrt{2}, \sqrt{6}$ (B) $\frac{-2}{\sqrt{3}}, -3\sqrt{3}$

(C) $\frac{-\sqrt{2}}{\sqrt{3}}, \sqrt{6}$ (D) $\frac{\sqrt{3}}{\sqrt{2}}, -\sqrt{6}$

51. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान निम्नलिखित में से कौन क्रांतिकारी से दार्शनिक बन गया ?

(A) रास बिहारी घोष
(B) अरविंद घोष
(C) वी. डी. सावरकर
(D) सत्येन्द्रनाथ बोस

52. निम्नलिखित में से कौन सर्वाधिक बार हरियाणा विधान सभा के स्पीकर रह चुके है ?

(A) कुलदीप शर्मा
(B) हरमहेंद्र सिंह चड्डा
(C) सतबीर सिंह
(D) अशोक कुमार अरोड़ा

53. ब्रिटिश अधिपत्य के दौरान रियासती राज्यों द्वारा ब्रिटिश भारत साम्राज्य का कितना भू क्षेत्र घेरा गया था ?

(A) एक तिहाई
(B) एक चौथाई
(C) दसवाँ भाग
(D) उक्त में से कोई नहीं

54. यदि 'GIVE' का कूट 43 है, तो 'TAKE' का कूट होगा

(A) 47 (B) 27
(C) 36 (D) 37

55. यदि $\sec\theta = \frac{4}{\sqrt{7}}$ है, तो $\sqrt{\frac{2\tan^2\theta - \text{cosec}^2\theta}{2\cos^2\theta - \cot^2\theta}}$ का मान है

(A) $\frac{20}{7}$ (B) 0
(C) 4 (D) इनमें से कोई नहीं

56. यदि 15 अगस्त को बुधवार था, तो उसी वर्ष 1 अगस्त को था

(A) गुरुवार (B) बुधवार
(C) शुक्रवार (D) शनिवार



Downloaded from www.cclchapter.com

57. Which of the following form an AP ?

(A) 1, 1, 2, 2, 3, 3, ...

(B) 0.3, 0.33, 0.333, ...

(C) $\sqrt{2}, 2, 2\sqrt{2}, 4, ...$

(D) $3, 3+\sqrt{2}, 3+2\sqrt{2}, 3+3\sqrt{2}$ ,.....

57. निम्नलिखित में से कौन एक समानांतर श्रेणी बनाता है ?

(A) 1, 1, 2, 2, 3, 3, ...

(B) 0.3, 0.33, 0.333, ...

(C) $\sqrt{2}, 2, 2\sqrt{2}, 4, ...$

(D) $3, 3+\sqrt{2}, 3+2\sqrt{2}, 3+3\sqrt{2}$ ,.....

58. According to Haryana Municiple Amendment Act, any male member contesting urban local bodies election, must possess ________ as minimum education.

(A) MBBS

(B) LL.B.

(C) 12th Standard

(D) Matriculation

58. हरियाणा नगर निगम संशोधन अधिनियम के अनुसार शहरी स्थानीय निकाय के चुनाव लड़ने वाले पुरुष को न्यूनतम ________ शिक्षित होना चाहिए ।

(A) एम. बी. बी. एस.

(B) एलएल.बी.

(C) 12 वीं कक्षा

(D) दसवी

59. Consider the following statements and choose the incorrect regarding Meghalaya plateau.

(A) It is further sub-divided into Garo Hills, Khasi Hills, Jaintia Hills

(B) Plateau stand detached from the main Peninsular Block

(C) It is also rich in mineral resources like coal, iron ore, sillimanite, limestone and uranium

(D) This area receives maximum rainfall from the north-east monsoon

59. मेघालय पठार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन असत्य है ?

(A) यह आगे गारो, खासी और जैंतियाँ पहाड़ियों में उपविभाजित है

(B) पठार मुख्य प्रायद्वीपीय समूह से अलग है

(C) यह कोयला, लौह अयस्क, सिलिमैनाइट, चूना पत्थर और युरेनियम जैसे खनिज स्रोतों में समृद्ध है

(D) यह क्षेत्र उत्तर–पूर्व मानसून से सर्वाधिक वर्षा प्राप्त करता है ।

60. The first Haryanavi movie is

(A) Rijuvi (B) Dharti

(C) Yajurveda (D) Osho

60. पहली हरियाणवी फिल्म है

(A) रिजुवी (B) धरती

(C) यजुर्वेद (D) ओशो

61. Ms. X moves 20 metres in the East direction and then turns to her left and walks 15 metres and then turns to her right and moves 25 metres. After this, she turns to her right and moves 15 metres. Now, how far is she from the starting point ?

(A) 35 metres (B) 40 metres

(C) 45 metres (D) None of these

61. सुश्री. X पूर्व दिशा में 20 मीटर चलती हैं और फिर अपने बाएँ मुड़ती हैं और 15 मीटर चलती हैं और फिर अपने दाएँ मुड़कर 25 मीटर चलती हैं। फिर वह अपने दाएँ मुड़कर 15 मीटर चलती हैं। अब, वह आरंभिक बिंदु से कितनी दूर है ?

(A) 35 मीटर (B) 40 मीटर

(C) 45 मीटर (D) इनमें से कोई नहीं





Downloaded from www.cclchapter.com

62. __________ does not react with dilute HCl.
(A) Mg (B) Cu
(C) Al (D) Li

63. Arrange the following structures of the atmosphere from the surface of the Earth.
(A) Troposphere – mesosphere – stratosphere –thermosphere
(B) Troposphere –stratosphere – mesosphere – thermosphere
(C) Stratosphere – troposphere – mesosphere – thermosphere
(D) Stratosphere – mesosphere – troposphere – thermosphere

64. Joginder Singh is a litterateur from
(A) Jalsa (B) Shahabad
(C) Panipat (D) Ambala

65. Which of the following statement/s is/are true regarding 97th Amendment of the Constitution ?
(A) It made the right to form Self Help Group as a Fundamental Right
(B) It has brought a new provision into the Part IV of the Constitution (Directive Principle of State Policy)
(C) Both are wrong
(D) Both are right

66. Mustafabad is renamed as
(A) Brahmavart (B) Saraswati Nagar
(C) Kisan Nagar (D) Aryabhatta

67. The 'Champions of the Earth' Award is presented by
(A) UNDP
(B) UNFCCC
(C) UNEP
(D) UN General Assembly

68. Panchayat Raj Act came into existence pursuant to __________ Constitutional Amendment Act.
(A) 71st (B) 72nd
(C) 73rd (D) 74th

62. __________ तनु HCl के साथ अभिक्रिया नहीं करता ।
(A) Mg (B) Cu
(C) Al (D) Li

63. पृथ्वी के धरातल से वायुमंडल की निम्नलिखित सरचनाओं को व्यवस्थित करें ।
(A) क्षोभमंडल – मध्यमंडल – समतापमंडल – तापमंडल
(B) क्षोभमंडल – समतापमंडल – मध्यमंडल – तापमंडल
(C) समतापमंडल – क्षोभमंडल – मध्यमंडल – तापमंडल
(D) समतापमंडल – मध्यमंडल – क्षोभमंडल – तापमंडल

64. जोगिंदर सिंह __________ से एक साहित्यिक है ।
(A) जलसा (B) शाहबाद
(C) पानीपत (D) अंबाला

65. संविधान के 97 वें संशोधन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन सत्य है ?
(A) इसने स्वयं सहायता समूह बनाने के अधिकार को एक मौलिक अधिकार बनाया
(B) इसने संविधान के भाग–IV (राज्य के नीति निर्देशक) में एक नया प्रावधान किया
(C) दोनों गलत हैं
(D) दोनों सही है

66. मुस्तफाबाद का नया नाम है
(A) ब्रह्मावर्त (B) सरस्वती नगर
(C) किसान नगर (D) आर्यभट्ट

67. 'चैम्पियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार __________ द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं ।
(A) UNDP
(B) UNFCCC
(C) UNEP
(D) संयुक्त राष्ट्र महासभा

68. संविधान संशोधन अधिनियम __________ के अनुसार पंचायत राज अधिनियम अस्तित्व में आया ।
(A) 71 (B) 72
(C) 73 (D) 74



Downloaded from www.cclchapter.com

रुखी D



## English Language

Choose the correct meaning of the idioms given :

69. To bury the hatchet
   (A) To keep a secret
   (B) To make peace
   (C) To obtain money
   (D) To bury the dead

70. A burning question
   (A) A puzzling question
   (B) A difficult problem
   (C) A hotly debated question
   (D) An annoying question

Fill in the blanks with suitable form of verbs :

71. The growing number of visitors ________ the footpaths.
   (A) damaging
   (B) damages
   (C) are damaging
   (D) were damaging

72. When I was a child ________ the Violin.
   (A) I was playing
   (B) I am playing
   (C) I play
   (D) I played

Fill in the blanks with suitable articles wherever necessary :

73. Ram was appointed ________ Clerk.
   (A) a (B) an
   (C) the (D) not needed

74. India is one of ________ very big countries in the world.
   (A) an (B) the
   (C) a (D) not needed

Fill in the blanks with correct options :

75. The scheme allows students from many countries to communicate ________.
   (A) each other
   (B) to themselves
   (C) themselves
   (D) with one another

76. An employment advertisement should ________ the number of vacancies.
   (A) provide (B) declare
   (C) contain (D) specify

Correct the following sentences :

77. I can't imagine why you were believing all those rumours.
   (A) I can't imagine why you believed all those rumours.
   (B) I can't imagine why wasn't you believing all those rumours.
   (C) I can't imagine why do you believe all those rumours.
   (D) I can't imagine why you have believed all those rumours.

78. Each of the sports women were given a certificate.
   (A) Every sports women were given a certificate.
   (B) Each of the sports women was given a certificate.
   (C) Each of the sports women have been given a certificate.
   (D) Sports women each were given a certificate.



K

Downloaded from www.cclchapter.com

## हिन्दी भाषा

**79.** श्रृंगार रस का स्थायी भाव कौन सा है ?

(A) रति (B) हास

(C) क्रोध (D) भय

**80.** प्रति + उपकार = 'प्रत्युपकार' कौन सी संधि है ?

(A) वृद्धि संधि (B) गुण संधि

(C) यण् संधि (D) दीर्घ संधि

**81.** 'गाय फल खा रही है।' इस वाक्य के 'गाय' का पद परिचय दीजिए।

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, करण कारक, 'खा रही है' क्रिया का कर्त्ता

(B) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक, 'खा रही है' क्रिया का कर्म

(C) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक, 'खा रही है' क्रिया का कर्म

(D) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्त्ता कारक, 'खा रही है' क्रिया का कर्त्ता

**82.** 'गाय नहीं चलती।' यह वाक्य भाववाच्य में होता है

(A) गाय से चला नहीं जाता।

(B) गाय से चली नहीं जाती।

(C) गाय से चली गयी।

(D) गाय से चला नहीं गया।

**83.** घन जैसा श्याम = 'घनश्याम' यह कौन सा समास है ?

(A) अव्ययी भाव (B) तत्पुरुष

(C) द्वन्द्व (D) द्विगु

**84.** 'साधु' शब्द का बहुवचन रूप है

(A) साधुएँ (B) साधुओ

(C) साधु (D) साधुयाँ

**85.** 'जमीन पर पैर न पड़ना' मुहावरे का अर्थ है

(A) अधिक घमंड करना

(B) अस्वस्थ हो जाना

(C) लापता होना

(D) मौज उडाना

**86.** सुमेलित कीजिए।

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| 1. बासठ | अ. 19 |
| 2. पचपन | आ. 39 |
| 3. उन्नीस | इ. 55 |
| 4. उनतालीस | ई. 62 |

(A) 1 – अ 2 – ई 3 – आ 4 – इ

(B) 1 – आ 2 – अ 3 – इ 4 – ई

(C) 1 – इ 2 – आ 3 – ई 4 – अ

(D) 1 – ई 2 – इ 3 – अ 4 – आ

**87.** 'अदब' शब्द के साथ कौन सा उपसर्ग सही लगता है ?

(A) बे (B) कु

(C) नि (D) अ

**88.** निम्नलिखित में से सही वर्तनी का चयन कीजिए।

(A) कृत्रिम (B) क्रत्रीम

(C) कृत्रीम (D) क्रत्रिम

**89.** निम्नलिखित में से 'गाय' का पर्यायवाची शब्द नहीं है

(A) अंबु (B) कपिला

(C) गौ (D) धेनु

**90.** जहाँ एक से अधिक वर्णों की दो बार आवृत्ति होती है, वहाँ कौन सा अलंकार होता है ?

(A) छेकानुप्रास (B) श्लेष

(C) वक्रोक्ति (D) उत्प्रेक्षा



Downloaded from www.cclchapter.com

9. Candidates are warned not to carry handkerchief, any mobile phone, any type of watch, belt, wear ornaments like ring, chain, earring etc. electronic or communication device, Pen, Pencil, Eraser, Sharpener and Correcting Fluid in the examination centre. If any candidate is found possessing any such item, he/she will not be allowed to enter in the examination centre. Candidate found possessing mobile phone or any other aiding material as mentioned above in the examination room will be treated a serious violation and it will amount to cancellation of the candidature and debarring him/her from future examination.

10. The written examination will be supervised by doing frisking before allowing entry into Examination Centre, using CCTV Cameras, Biometric Attendance process by capturing the Biometric thumb impression and photograph of the candidates during Examination. Videography and Jammers etc. shall be used in the Examination Hall/Examination Centre to stop copying and impersonation etc.

11. Candidate's request to change the examination centre and seat in the Examination Hall shall not be entertained.

12. The scanned photograph of the candidate on his/her Admit Card or attendance sheet will be tallied with the candidate appearing in the examination by the invigilator. In the event of any discrepancy in the identification and verification of the candidate and photographs, the candidate shall not be allowed to sit in the examination and be liable for criminal prosecution.

13. The OMR answer sheet consists of three copies, the original copy, the commission copy and the candidate's copy. Do not separate or displace them. Do not darken the bubbles in three copies of OMR Answer sheets separately. Candidate must handover the OMR Answer sheet without separating the three copies to the invigilator at the end of examination. Invigilator will hand over the candidate's copy after separating it. The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.

14. Each question has four alternative answer of which only one is correct. For each question, darken only one circle, which ever you think is the correct answer on the OMR answer sheet **with only Blue/Black Ball Pen provided by the Commission.** Pencil should not be used for darkening the circle. If more than one circle is found darkened, that answer will not be evaluated.

15. No candidate shall be allowed to go to the toilet/washroom during first and last thirty minutes of the examination.

16. No candidate will be allowed to leave the OMR Answer sheet blank. If any OMR Answer sheet is found blank, it shall be crossed by the invigilator with his/her signature and mentioning "Cancelled" on it.

17. The answer sheet will be evaluated through electronic scanning process. Incomplete or incorrect entries may render the answer sheet invalid.

18. Carefully fill in all the necessary particulars on the answer sheet. Change of answer sheet is not permitted.

19. While darkening the appropriate bubble(s) in the boxes darken the chosen bubble(s) fully as given below. If you darken more than one circle, your answer will be treated as wrong and such answer shall not be evaluated.

9. अभ्यार्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे रुमाल, मोबाइल फोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट, इलेक्ट्रॉनिक या संचार संबंधी यंत्र, पेन, पेन्सिल, इरेज़र, शार्पनर और लिखा हुआ मिटाने के लिए तरल पदार्थ परीक्षा-केंद्र में न ले जाएँ और न ही अँगुठी, चैन, कान में पहनने की इअरिंग या किसी भी प्रकार का आभूषण पहने । इन वस्तुओं के साथ किसी भी अभ्यार्थी को परीक्षा-हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा । परीक्षा-कक्ष के अंदर किसी अभ्यार्थी के पास यदि मोबाइल फोन या ऐसी ही कोई वस्तु जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है, पायी जाती है तो इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा और परीक्षा में उसकी अभ्यार्थिता निरस्त कर दी जाएगी तथा भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं में उपस्थित होने पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया जाएगा ।

10. लिखित परीक्षा के निरीक्षण में परीक्षा-केन्द्र में प्रवेश से पहले तलाशी के अतिरिक्त, CCTV कैमरा, बायोमैट्रिक यंत्र से अँगूठे के निशान लेकर उपस्थिति भरना, फोटो खींचना, वीडियोग्राफी और जैमर का प्रयोग आदि शामिल है ताकि नकल को रोका जा सके और एक अभ्यार्थी के स्थान पर कोई दूसरा परीक्षा न दे सके ।

11. परीक्षा-केन्द्र में परिवर्तन या परीक्षा-हॉल में सीट के परिवर्तन के संबंध में किसी भी अभ्यार्थी की प्रार्थना पर विचार नहीं किया जाएगा ।

12. परिवीक्षक द्वारा प्रवेश-पत्र या उपस्थिति पत्रक में अभ्यार्थी के स्कैन किए हुए फोटो का मिलान अभ्यार्थी से किया जाएगा । अभ्यार्थी और उसके फोटो के सत्यापन और पहचान में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यार्थी को परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी और वह आपराधिक अभियोग का पात्र होगा ।

13. इस OMR उत्तर-पत्रक की तीन प्रतियाँ हैं, मूल प्रति, आयोग प्रति एवं अभ्यार्थी प्रति । इन्हें कदापि अलग न करें । OMR उत्तर-पत्रक की तीनों प्रतियों में गोलों को अलग-अलग काला न करें । अभ्यार्थी परीक्षा समाप्त होने पर OMR उत्तर-पत्रक तीनों प्रतियों को अलग किये बिना कक्ष परिवीक्षक को सौंप देंगे । अभ्यार्थी प्रति कक्ष परिवीक्षक द्वारा अलग करके उन्हें दे दी जायेगी । अभ्यार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।

14. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें से केवल एक सही है । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए OMR उत्तर-पत्रक में केवल उस एक गोले को पेन से भर देना है जिसे आप सही उत्तर समझते हैं । **यह आपको आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए केवल नीले या काले बॉल-पेन से करना है।** गोलों को भरने के लिए पेन्सिल का प्रयोग नहीं करना है। यदि किसी उत्तर के लिए दो गोलों को गाढ़ा किया गया है तो उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

15. परीक्षा के प्रथम और अंतिम तीस मिनट के दौरान किसी भी अभ्यार्थी को प्रसाधन (टॉयलेट/वॉशरूम) में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

16. किसी भी अभ्यार्थी को OMR उत्तर-पत्रक खाली छोडने की अनुमति नहीं है। यदि कोई OMR उत्तर-पत्रक खाली पाई गई तो परिवीक्षक उस पर "क्रॉस" करने के पश्चात् अपना हस्ताक्षर कर देंगे और उस पर "निरस्त" लिख देंगे ।

17. उत्तर-पत्रक की जाँच इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग संसाधन से की जाएगी । अधूरा या गलत भरने पर उत्तर-पत्रक अमान्य हो सकता है ।

18. समस्त आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक उत्तर-पत्रक में भरना है । उत्तर-पत्रक के बदलाव की अनुमति नहीं है ।

19. बॉक्स के सही गोला/गोलों को रंगते समय नीचे दिए रूप में सही गोला/गोलों को रंगे । यदि आप एक से अधिक गोलों को काला करते हैं तो आपके उत्तर को गलत माना जाएगा और ऐसे उत्तर का मूल्यांकन नहीं होगा ।

| CORRECT METHOD/सही तरीका | WRONG METHODS/ गलत तरीके | | | |
|---|---|---|---|---|
| Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ | Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ | Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ | Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ | Ⓐ Ⓑ Ⓒ Ⓓ |

20. If a candidate does not comply with the instructions as mentioned above or creates any kind of indiscipline, the Commission shall take action as per instructions and in addition can also debar the candidate from appearing in the Examination, to be held in future and can also file criminal proceedings.

20. यदि कोई अभ्यार्थी उपर्युक्त निर्देशों का पालन नहीं करता है या अनुशासन भंग करता है तो आयोग निर्देशानुसार उसके विरुद्ध कार्यवाही करेगा, और इसके अतिरिक्त उसे भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकता है। उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही का केस भी दर्ज किया जा सकता है ।

SL. NO: 10986803



Downloaded from www.cclchapter.com